'जल संरक्षण जागरूकता' पर प्रशिक्षण मैनुअल

संक्षिप्त विवरण

"जल संरक्षण जागरूकता" का उद्देश्य राष्ट्रीय, क्षेत्रीय के साथ–साथ स्थानीय स्तर पर जल संरक्षण और प्रबंधन के सिद्धांतों, तकनीकों और प्रक्रियाओं की समझ तथा क्रियान्वयन के लिए मार्गदर्शन प्रदान करना है। प्रशिक्षण मैनुअल की सामग्री व्यापक है परन्तु इसकी भाषा व प्रस्तुति सरल है। प्रयास किया गया है 3–5 दिनों के प्रशिक्षण मॉड्यूल को तैयार करने का जो जीवन के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में मुख्य प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण देने में प्रयुक्त होगा। इन प्रशिक्षकों द्वारा आगे आईटीआई, एनसीवीटी, एसआईआरडी, डब्ल्यूएएलएमआई इत्यादि जैसे जल उपयोगकर्ता संगठन, पंचायत, एनएसएस, एनसीसी, एनसीवीटी, स्काउट्स/गाइड्स, आशा, आंगनबाड़ी, महिला मंडल इत्यादि लोगों को प्रशिक्षित किया जायेगा।

इस मैनुअल के कुछ मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित हैं –

- जल संरक्षण पर "मुख्य प्रशिक्षकों" का एक समूह तैयार करना।
- जल संरक्षण से संबंधित मुद्दों और विषयों पर इन मुख्य प्रशिक्षकों की समझ को बढ़ाना।
- मुख्य प्रशिक्षकों को ज्ञान और दक्षता प्रदान करना ताकि वे जल से जुड़े मुद्दों का समाधान करने में समुदायों की सहायता कर सकें।
- जल सम्बंधित मुद्दों पर जन समुदाय को संवेदनशील बनाना, उन्हें जल के संरक्षण और इसके न्यायोचित उपयोग के लिए प्रोत्साहित करना।
- लक्षित दर्शकों के बीच स्वच्छ जल के संरक्षण और प्रबंधन प्रक्रियाओं के बारे में सकारात्मक सोच को प्रोत्साहित करना।
- जल से जुड़े क्षेत्र की सर्वोत्तम प्रथाओं, नवप्रवर्तनों व केस स्टडी (घटना वृतांतों) को, जल संरक्षण जागरूकता के विशेष संदर्भ में साझा करना।

इस मैनुअल का उपयोग जल संरक्षण और जागरूकता के क्षेत्र में कार्य करने वाले व सहयोग देने वाले पेशेवरों/प्रशिक्षकों और अन्य संगठनों व हितधारकों द्वारा एक संसाधन सामग्री के रूप में होगा। प्रशिक्षण मैनुअल में प्रशिक्षकों/फैसिलिटेटर्स के लिए निर्देश दिए गए हैं जो उन्हें जल संरक्षण और प्रबंधन की वैज्ञानिक अवधारणा को समझाने के लिए समुदायों की क्षमता निर्माण में सहायता करेगा।

मैनुअल में जल संरक्षण जागरूकता के विषय को 14 मॉड्यूल में समायोजित किया गया है, जिसमें सामग्री और प्रस्तुति को जीवंत बनाने के लिए व्यावहारिक अभ्यास, क्षेत्र भ्रमण के साथ–साथ श्रव्य–दृश्य सामग्री को शामिल किया गया है। प्रत्येक मॉड्यूल में उपकरण दिए गए हैं जिन्हें प्रशिक्षक को चयनित विषय पर प्रशिक्षण देने में सहायता प्रदान करने के लिए विकसित किया गया है। प्रत्येक मॉड्यूल के आरम्भ में उसका उद्देश्य दिया गया है अंत में पढ़ने के लिए उसका त्वरित पुनर्कथन दिया गया है। प्रत्येक खंड के अंत में, पाठकों को खंड की समीक्षा करने या खंड की सामग्री के विचार को जानने में सहयोग देने के लिए सारांश बिंदु दिए गए हैं। पूरे मैनुअल में बड़े पैमाने पर टेक्सट बॉक्स का उपयोग किया गया है। इस बॉक्स में प्रत्येक खंड से सम्बंधित केस स्टडी (घटना वृत्तांत), व्यावहारिक क्रियाकलाप, सुझाव व तथ्य शामिल हैं जिनका उद्देश्य है सामग्री को परस्पर संवादात्मक बनाना।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रत्येक मॉड्यूल के बाद, उस मॉड्यूल से संबंधित विषय पर आधारित एवी क्लिप को प्रदर्शित करने के लिए 15 मिनट निर्धारित किये गए हैं। चूंकि देखना विश्वास करने से अधिक प्रभावकारी होता है, इसलिए इन क्लिपों को प्रशिक्षकों को मॉड्यूल में बताए गए विषयों को बेहतर ढंग से समझने में सहयोग के लिए चयनित किया गया है। प्रत्येक मॉड्यूल के क्लिप की सूची संलग्नक के रूप में दी गई है। मैनुअल में प्रशिक्षकों के उपयोग के लिए एक पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम को भी शामिल किया गया है। इस मैनुअल के साथ प्रशिक्षक के सुलभ उपयोग के लिए एक तैयार पावर पॉइंट प्रस्तुति भी उपलब्ध होगी।